हॉकी इंडिया जूनियर महिला एवं पुरुष ईस्ट ज़ोन हॉकी चैंपियनशिप 2023

चर्चा में क्यों?

19 मार्च, 2023 को हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने झारखंड के खूँटी में आयोजित **1st** हॉकी इंडिया जूनियर महिला एवं पुरुष ईस्ट ज़ोन हॉकी चैंपियनशिप 2023 का विधिवत उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस दौरान खूँटी के उपायुक्त ने कहा कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन से प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य सफल होगा।
- विदित है कि इस प्रतियोगिता के लिये 19 से 26 मार्च तक खूँटी के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 7 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होने वाला है।
- **1st** हॉकी इंडिया जूनियर महिला एवं पुरुष ईस्ट ज़ोन हॉकी चैंपियनशिप 2023 में कुल 6 राज्यों के खिलाड़ी भाग ले रहे है।
- उद्घाटन मैच झारखंड और बिहार के बीच खेला गया, जिसमें मेजबान झारखंड की महिला हॉकी टीम ने बिहार हॉकी को 11-0 से पराजित कर मैच जीत लिया। झारखंड टीम की कप्तान एडलिन बागे को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hockey-india-junior-women-men-east-zone-hockey-championship-2023